शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

देवली, (निसं)। देवली शहर में पिछले 6 महीने से बाइक चोरी एवं अन्य चोरी के मामले बढ़ते जा रहे थे। इसी के बीच बुधवार को देवली थाना पुलिस ने शहर की साकेत कॉलोनी से पिछले दिनों हुई बाइक चोरी के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराई गई बाइक बरामद कर ली की है।

थाना अधिकारी राजकुमार नायक ने बताया कि उक्त चोरी की वारदात के संबंध में 10 अगस्त को परिवादी अशोक कुमार पुत्र भुवानराम मीणा हाल निवासी साकेत कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित में रिपोर्ट में बताया कि उनकी बाइक गत 21 जुलाई को दोपहर ढाई बजे करीब साकेत कॉलोनी में भरत सिंह के मकान के बाहर से चोरी हो गई।

जिसे अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया। बढ़ती चोरी के मामलों को ध्यान में रखते हुए उपाधीक्षक रामसिंह समेत उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना अधिकारी राजकुमार नायक ने चोरों की तलाश में टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल ने शुरू कर दिए तभी साइबर तकनीकी प्राप्त साक्ष्य संकलित कर पुलिस ने आरोपी नंदलाल उर्फ नंदा पुत्र हरचंद कुमावत निवासी कुमावतो का नया गांव बाघेरा थाना केकडी सदर को डिटेन कर अनुसंधान किया है यहां बाइक चोर ने साकेत कॉलोनी से यह बाइक चुराना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी नंदलाल की निशानदेही पर चुराई गई बाइक बरामद कर ली है।

151 फिट लम्बे तिरंगे के साथ निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

कोटपूतली, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई कोटपूतली द्वारा स्वतंत्रता दिवस से पूर्व बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर 151 फिट के तिरंगे के साथ सैकड़ों विद्यार्थी व एबीवीपी के कार्यकर्ता शामिल हुये। तिरंगा यात्रा में विद्यार्थी भारत माता की जय व अमर शहीद अमर रहे के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। जिला संयोजक

- **स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां**

अनमोल गोयल ने बताया कि स्थानीय बसन्त प्रभु आदर्श विद्या मन्दिर से प्रारम्भ हुई तिरंगा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय पहुंचकर विसर्जित हुई। जिसके बाद सभा का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता एबीवीपी के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य भारत भूषण यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव को लेकर चलते है। उन्होंने विद्यार्थी परिषद् के इतिहास विकास पर भी प्रकाश डाला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महावीर प्रसाद कुमावत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान जिला संगठन मंत्री पवन गुर्जर, विभाग संयोजक अभिषेक शर्मा, प्रांत कार्यकारणी सदस्य मधुर गोयल, करण सवाईका, राहुल गोयल व भीम सिंह पायला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद थे।

इसी प्रकार स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर व अन्य वरीय पदाधिकारियों के द्वारा किया गया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी विद्यार्थियों की विशेष अभिरुचि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बच्चे अपनी प्रतिभाओं को और उभारकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी के मन में देश प्रेम की भावना को और प्रबल करता है। उन्होंने छात्रों को अपने उज्ज्वल भविष्य के और दृढ़ता पूर्वक अग्रसर होने हेतु शुभकामनाएं दी।

कोटपूतली में 151 फिट तिरंगा रैली में सैंकड़ों विद्यार्थी व एबीवीपी के कार्यकर्ता शामिल हुये।

सांस्कृतिक संध्या आयोजित

टोंक, (निसं)। स्वाधीनता दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में कृषि ऑडिटोरियम में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। इसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं एवं अन्य कलाकारों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक एवं शहीदों की वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गुलजार बाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोहना की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य पेश किया गया। डायमंड डांस एकेडमी टोंक के कलाकारों ने नन्हा-मुन्ना राही हूँ, विवेकानंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आजा सांझ हुई, सन शाईन ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने महाभारत थीम पर सामूहिक नृत्य की अपनी प्रस्तुती से सभी को भाव-विभोर कर दिया। एडी डांस एकेडमी टोंक ने तेरी मिट्टी में मिल जावा, संत सुधा सागर विद्यालय टोंक ने नारी सशक्तिकरण, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गुलजार बाग के विद्यार्थियों ने वंदे मातरम एवं सेंट अंसलम विद्यालय टोंक ने सुभाष चंद्र बोस पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति ने सभी को गर्व से भर दिया।

सार-समाचार

251 फिट तिरंगे के साथ निकाली रैली

मालपुरा, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर बुधवार को मालपुरा में केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अगवाई में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 251 फिट लम्बे तिरंगे के साथ विशाल तिरंगा रैली निकाली गई।केबिनेट मंत्री ने पुरानी तहसील बारादरी बालाजी मंदिर से रैली को तिरंगा झण्डा दिखाकर रवाना किया। केबिनेट मंत्री ने हाथों में तिरंगा झण्डा लिये शहर के गणमान्य लोगों व स्कूली विद्यार्थियों के साथ पैदल मार्च करते हुए आमजन को तिरंगे की आन बान व शान के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। देश भक्ति गानों पर 251 फिट लम्बे तिरंगे को लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी तिरंगा रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया। सुभाष सर्किल पर पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी व पार्षदों ने तिरंगे पर पुष्पवर्षा कर वन्दे मातरम के जयघोष लगाते हुए 15 अगस्त को घर-घर तिरंगा पहराने की आमजन से अपिल की । रैली में शामिल तहसीलदार व पालिका ईओ राहुल पारीक, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक रामकुमार कस्वा, पुलिस उपाधिक्षक महेन्द्र मीणा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, तिरंगा यात्रा संयोजक पार्षद अंकित जैन, कमल कुमार सैनी, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी नरेन्द्र जैन, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार जैन, रामप्रसाद वर्मा, थानाधिकारी चेनाराम बेडा, सहित गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिती रही।

स्वाधीनता दिवस समारोह आज

टोंक, (निसं)। स्वाधीनता दिवस का जिला स्तरीय समारोह गुरुवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि जलदाय एवं भूजल मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी ध्वजारोहण करेंगे। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि पुलिस लाइन ग्राउंड में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद सलामी एवं राष्ट्र धुन, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, राज्यपाल का संदेश पठन, वीरांगनाओं का सम्मान, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक झलकियां, योगा ड्रिल, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। दोपहर 1:30 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड में पब्लिक बनाम प्रशासन के मध्य क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

नवनिर्मित पुस्तकालय भवन व वाचनालय का उद्घाटन

कोटपूतली, (निसं)। कस्बे के आजाद चौक स्थित राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में नवनिर्मित पुस्तकालय भवन व वाचनालय का बुधवार को क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर व पट्टीका का लोकार्पण कर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हमेशा से ही मान्यता है कि अच्छी पुस्तकें समाज में अच्छा वातावरण बनाकर लोगों का मार्गदर्शन करती हैं। हजारों वर्षों पूर्व सनातन संस्कृति व हिन्दू धर्म के वेद लिखे गये। यह इस बात का प्रबल उदाहरण है कि पुस्तकें सबसे पहले भारतीय समाज में आई। नवनिर्मित सुविधा युक्त पुस्तकालय विधार्थियों समेत समाज के सभी वर्गों के लिये लाभदायक सिद्ध होगा। यहाँ आकर जरूरतमंद विधार्थी अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। उन्हें निजी पुस्तकालयों में महंगी फिस देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये राज्य सरकार के

- **120 विद्यार्थी निःशुल्क कर सकेंगे अध्ययन**

पुस्तकालय एवं भाषा विभाग की निदेशक मृदुला चतुर्वेदी ने पुस्तकालय की उपयोगिता बताई। अतिथियों का लाईब्रेरियन दीपिका यादव समेत रामेश्वर दयाल शर्मा, आशुतोष भारद्वाज व महावीर शर्मा आदि स्टॉफ सदस्यों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में उक्त नवीन पुस्तकालय भवन व वाचनालय का निर्माण राज्य सरकार के पुस्तकालय एवं भाषा विभाग द्वारा 52 लाख 23 हजार रूपयों की लागत से करवाया गया है। जिसमें भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित केन्द्रिय स्वायत्त संस्थान राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता द्वारा 50 लाख रूपयों का वित्त पोषण किया गया है।

तिरंगा रैली में दिखा देश भक्ति का जज्बा

फुलेरा, (निसं)। कस्बे में बुधवार को दोपहर आजादी के महापर्व और राष्ट्रीय त्योहार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस से पूर्व तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से अधिकारियों और कर्मचारियों सहित आमजन ने भाग लिया।

गौरतलब है कि उक्त तिरंगा रैली क्षेत्र के पांच बत्ती चौराहा भगवान परशुराम सर्किल से रवाना हुई। जो कि नवनिर्मित आरओबी से होते हुए नगर पालिका, अम्बेडकर सर्किल से गांधी चौक, गणगौरी बाजार, हलवाई बाजार, इन्द्रा बाजार से होते हुए बालाजी बायपास स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर पहुंची। जहां राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बाइक तिरंगा रैली में नगर वासियों का उत्साह नजर आ रहा है। साथ ही बाइक तिरंगा रैली का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक महेन्द्र सिंह यादव, तहसीलदार कृष्णा शर्मा, वृताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल, एसएचओ फुलेरा बाबूलाल मीणा, जीआरपी थानाधिकारी गुलज़ारी लाल, आरपीएफ थानाधिकारी राजेश सिंह, पालिका अधिशाषी अधिकारी तेजराम मीणा, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पार्षद प्रमोद मीणा, जितेन्द्र वर्मा, सरदार सिंह चौधरी, यतेन्द्र झांकडा, पूजा भाटी, ताराचन्द माली, श्रवण वर्मा, त्रिलोक चन्द भाटी, पार्षद प्रतिनिधि गजेन्द्र सिंह शेखावत, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा, पूनम कुमावत सहित सैंकड़ों की संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

बाइक तिरंगा रैली में आमजन शामिल हुए।

तिरंगा यात्रा में हज़ारों राष्ट्र प्रेमी पहुंचे

चौमूं/कालाडेरा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र नगर एवं देहात चौमूं द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में हजारों राष्ट्र प्रेमियों के साथ गढ़ गणेश मंदिर, चौमूं से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने रवाना किया। तिरंगा यात्रा गढ़ गणेश जी से प्रारंभ होकर बावड़ी गेट, त्रिपोलिया बाज़ार, सदर बाजार, चौपड़, नया बाज़ार, रावण गेट होते हुए धोली मंडी, थाना मोड़ और बस स्टैंड से गढ़ गणेश जी के समापन किया गया। हजारों की संख्या में उपस्थित लोग हाथों में तिरंगा लिए भारत माता और देशभक्ति जयकारों के साथ आगे बढ़े। 151 फ़ीट लम्बे तिरंगे के साथ भारत माता के जयकारो से पूरा परिक्षेत्र गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा का मुख्य मार्गो पर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आमजन द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा फूलों का गुच्छा भेंट कर स्वागत किया गया।

देश भक्ति के गीतों की धुनों पर लहराया तिरंगा

श्रीमाधोपुर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी स्थानीय ईकाई के द्वारा कस्बे के मुख्य बाजारों से बाइक तिरंगा रैली निकाली गई। हर घर तिरंगा अभियान के विधान सभा संयोजक रोहित महेश्वरी ने बताया कि जलदाय विभाग से शुरू हुई बाइक रैली को स्वायत्त शासन मंत्री के प्रतिनिधि अजय खर्रा व सीकर जिला संयोजक हरिकिशन खीचड़ ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत माता की जय के नारों के साथ देश भक्ति गीतों की धुनों पर लहराते तिंरगे झंडो का नजारा देखने लायक था। कतारबद्ध रैली के बाजारों में पंहुचने पर कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली स्टेशन रोड, राजपथ, रीगंस बाज़ार ,चौपड़ बाजार, सुरानी बाजार, खटोड़ा बाजार होती हुई पंचायत समिति जाकर सम्पन्न हुई। रैली मैं जहाँ वयोवृद्ध नगर पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महन्त का जोश देखने लायक था।

भारत माता के जयकारे गूंजे

पावटा, (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय देशभक्ति कार्यक्रम में बुधवार को बाडीजोडी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बडी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिये बच्चे देश भक्ति के जज्बे से ओत-प्रोत दिखाई दिये। हर घर तिरंगा कार्यक्रम में विधायक कुलदीप धनकड हाथ में तिरंगा लेकर बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। विधायक धनकड ने देश के लिए कुर्बानी देने वाले वीर शहीदों को याद करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी शान है। आज इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम देश के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। धनकड हर घर तिरंगा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ तिरंगा हाथों में लेकर देश भक्ति के नारे लगाते हुए कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनकड व अध्यक्षता कर रहे बाडी जोडी सरपंच अनिल त्रिवेदी, पूर्व जिला पार्षद व पूर्व सरपंच जय सिंह पारिक, प्रधान मंजू शर्मा, विकास अधिकारी रेणु वर्मा, तहसीलदार जयपाल सिंह के साथ-साथ विद्यार्थियों ने विकसित भारत के लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता व नागरिकों में कर्तव्य की भावना की शपथ और संकल्प लिया।